188. आजादी के पूर्व नॉन सैल्यूट स्टेट ठिकाने कौन से थे-

(a) लावा (b) कुशलगढ़

(c) नीमराणा (d) उपर्युक्त सभी

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (d) – आजादी के पूर्व राजस्थान में 19 देशी राज्य तथा 3 नॉन सैल्यूट स्टेट ठिकाने लावा, कुशलगढ़ तथा नीमराणा तथा एक अंग्रेज शासित प्रदेश मेरवाड़ा (अजमेर) थे।

189. 'सार्दुल राजस्थान रिसर्च इंस्टीट्यूट' की स्थापना किसने की-

(a) दशरथ शर्मा (b) रायचन्द

(c) जेम्स टॉड (d) रामकर्ण आसोपा

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – सार्दुल राजस्थान रिसर्च इंस्टीट्यूट' की स्थापना वर्ष 1919 में दशरथ शर्मा ने की थी। इन्होंने कई वर्षों तक इस संस्थान का निर्देशन भी किया। राजस्थान में स्थित प्रमुख अनुसंधान केन्द्र निम्नलिखित है–

- केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) – जोधपुर
- राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान संस्थान – सेवर (भरतपुर)
- राष्ट्रीय मसाला बीज अनुसंधान केन्द्र – अजमेर
- केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान –अविकानगर (टोंक)
- केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान – बीकानेर

190. 'इजलास खास' की स्थापना कब हुई-

(a) 1877 ई. (b) 1875 ई.

(c) 1892 ई. (d) 1862 ई.

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) – इजलास खास की स्थापना वर्ष 1877 ई. में की गयी। इसकी स्थापना महाराजा सज्जनसिंह ने की। यह न्यायिक कार्य व्यवस्था में सुधार कार्य था। दीवानी, फौजदारी एवं अपील संबंधी आखिरी फैसले 'इजलास खास' द्वारा किये जाने थे।

191. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही नहीं है-

(a) घोसुण्डी : सर्वतात (b) घटियाला : कक्कुक

(c) अजमेर : विग्रहराज (d) राजसमन्द : केल्हनदेव

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) – सही मिलान इस प्रकार हैं।

a.घोसुण्डी	–	सर्वतात
b.घटियाला	–	कक्कुक
c.अजमेर	–	विग्रहराज
d.राजसमन्द	–	राणा सिंह

192. जयपुर राज्य में तोप के लिए दूसरा क्या शब्द प्रयुक्त होता था-

(a) अग्नि मारक (b) अग्नि मंतर

(c) अग्नि जंतर (d) अग्नि शमन

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) – जयपुर राज्य में तोप के लिए दूसरा प्रयुक्त शब्द अग्नि मारक था। इसका प्रयोग सवाई मिर्जा राजा जयसिंह ने अपने युद्ध कौशल को अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए जयपुर में अनेक तोपखाने वाले कारखाने का निर्माण करवाया था।

193. तूँगा का युद्ध कब हुआ था-

(a) जुलाई, 1787 ई. (b) अगस्त, 1787 ई.

(c) सितम्बर, 1787 ई. (d) 28 जुलाई, 1787 ई.

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) – जयपुर के महाराजा सवाई प्रताप सिंह और मराठों के महादजी सिंधिया के बीच लड़ाई 28 जुलाई 1787 को तुंगार माधोगढ़ के मैदानों में हुई थी। इसलिए इसे तुंगा का युद्ध कहा जाता है।

194. निम्न में से जयबाण नाम है-

(a) एक किले का (b) एक तोप का

(c) एक पुस्तक का (d) एक स्थान का

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (b) – जयपुर के जयगढ़ किले में रखी गयी दुनिया की सबसे बड़ी 'तोप' का नाम 'जयबाण' है। इस तोप का निर्माण राजा जयसिंह-II के द्वारा 1720 ई. में कराया गया था, जिसकी लम्बाई 20 फिट तथा वजन 50 टन है।

195. निम्न में से किस मुख्यमंत्री को डीग-गोलीकांड के बाद इस्तीफा देना पड़ा और उन्होंने कब इस्तीफा दिया?

(a) जगन्नाथ पहाड़िया : 13 जुलाई, 1981

(b) शिव चरण माथुर : 23 फरवरी, 1985

(c) हरिदेव जोशी : 20 जनवरी, 1988

(d) मोहन लाल सुखाड़िया : 16 फरवरी, 1980

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) – फरवरी 1985 में राजस्थान विधान सभा चुनाव का प्रचार-प्रसार चल रहा था। इसी दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर डींग कस्बा (भरतपुर) में 20 फरवरी 1985 को चुनाव प्रचार करने गये थे, इसी क्रम में पूर्व विधायक एवं निर्दली उम्मीदवार राजा मान एवं कांग्रेस समर्थकों के बीच हिंसक झड़पें हुई। जिसके परिणामस्वरूप 21 फरवरी 1985 को राजामान सिंह के समर्थन में प्रदर्शन हुए और पुलिस फायरिंग में राजा मानसिंह मारे गये। हालात के नजाकत को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर को 23 फरवरी 1985 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।

196. राजस्थान में किस वर्ष जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डी.आर.डी.ए.) का विलय जिला परिषद् में किया गया है?

(a) 2001 (b) 2003

(c) 2005 (d) 2008

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I